इस पॉलिसी में, निवेश पोर्टफ़ोलियो में निवेश जोखिम को पॉलिसीधारक द्वारा वहन किया जाएगा.

''यूनिट लिंक्ड बीमा उत्पाद, कॉन्ट्रैक्ट के पहले पाँच वर्षों के दौरान कोई नकदीकरण प्रदान नहीं करते हैं. पॉलिसीधारक, यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस उत्पादों में निवेश किए गए पैसे को पाँचवें वर्ष के अंत तक पूरी तरह से या आंशिक रूप से सरेंडर या वापस नहीं ले पाएंगे.''

## एसबीआई लाइफ – स्मार्ट इंश्योरवेल्थ प्लस क्यों?

जब आप जीवन में आगे बढ़ते जाते हैं, तब आपके सपने भी आपके साथ बढ़ते हैं. अपने परिवार के आर्थिक भविष्य को सक्षम बनाते हुए अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा कीजिए एसबीआई लाइफ – स्मार्ट इंश्योरवेल्थ प्लस के साथ, एक यूलिप प्लान जो आपके प्रियजनों को सुरक्षित करते हुए आपकी संपत्ति का निर्माण करे. एसबीआई लाइफ – स्मार्ट इंश्योरवेल्थ प्लस एक इंडिविजुअल, यूनिट-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, लाइफ इंश्योरेंस उत्पाद है जो आपके सपनों को साकार करने के लिए अनुशासित रूप से बचत करने तथा **सिस्टमैटिक मंथली विड्रॉअल#** प्राप्त करने की लचीलापन की खूबियों के साथ लाइफ इंश्योरेंस कवरेज प्रदान करता है.

## मुख्य विशेषताएँ

- **ईज़ी मंथली इंश्योरेंस :** एक चुनी गई अवधि के दौरान मासिक प्रीमियम अदा करते हुए निवेश करने की अनुशासित आदत डालना
- **3 निवेश रणनीतियों का विकल्प :** ट्रिगर स्ट्रेटेजी, ऑटो एसेट एलोकेशन स्ट्रेटेजी और स्मार्ट चॉइस स्ट्रेटेजी
- **स्मार्ट चॉइस रणनीति के तहत निवेश लचीलापन :** निम्न के माध्यम से अपने निवेश का प्रबंधन करें
  - अपनी जोखिम वहन क्षमता के अनुसार 9 फंड विकल्पों में से अपनी पसंद चुनें
  - पॉलिसी अवधि के दौरान असीमित निशुल्क अदला-बदली और प्रीमियम रिडायरेक्शन&
- पॉलिसी की मैच्योरिटी पर **मॉर्टेलिटी प्रभारों की वापसी (आरओएमसी)**
- **लॉयल्टी अभिवृद्धियों#** के ज़रिए फंड मूल्य बूस्टर्स
- **सुरक्षा :** दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में आप और आपके प्रियजनों के लिए आर्थिक सुरक्षा
- **सिस्टमैटिक मंथली विड्रॉअल# :** मासिक भुगतान के ज़रिए अपने नियमित खर्चों को पूरा करें
- **कर लाभ** :** आप भारत में लागू आयकर कानूनों के अनुसार आयकर लाभ/रियायतों के लिए पात्र हो सकते हैं, जो समय समय पर बदलाव के अधीन हैं
- **नकदीकरण :** पॉलिसी के 5वें वर्ष के बाद से आंशिक निकासी

#11वें पॉलिसी वर्ष से, बशर्ते सभी नियत प्रीमियम अदा किए गए हों और पॉलिसी प्रभावी हो

&पॉलिसी के दूसरे महीने से


**कर लाभ आयकर कानूनों के अनुसार हैं और समय समय पर बदलाव के अधीन हैं. कृपया विवरण के लिए अपने कर सलाहकार से सलाह लें.

## लाभों के लिए नमूना उदाहरण

अजय 30 वर्ष के हैं और उन्होंने ₹12 लाख की मूल आश्वासित राशि के साथ 25 वर्ष की भुगतान अवधि के लिए एसबीआई लाइफ – स्मार्ट इंश्योरवेल्थ प्लस पॉलिसी ली है. वे ₹10,000 प्रति माह का प्रीमियम भुगतान करते हैं. उन्होंने स्मार्ट चॉइस रणनीति के तहत 100% इक्विटी फंड मूल्य का चयन किया है. आइए देखें कि उन्हें प्लान के अंतर्गत कैसे लाभ मिलता है.

1. **मैच्योरिटी लाभ (एकमुश्त)**


   मैच्योरिटी तिथि पर, माने गए निवेश रिटर्न के आधार पर अजय का मैच्योरिटी लाभ नीचे दी गई तालिका के अनुसार है :




| माने गए निवेश रिटर्न पर | मॉर्टेलिटी प्रभारों की वापसी (₹) | कुल मैच्योरिटी लाभ (₹) (फंड मूल्य^) (25वें वर्ष के अंत में) |
|---|---|---|
| 8% | ₹ 6,351 | ₹ 68,76,034 |
| 4% | ₹ 7,218 | ₹ 39,50,030 |

**2. मृत्यु लाभ (एकमुश्त)**

18वें पॉलिसी वर्ष के अंत में अजय की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में, माने गए निवेश रिटर्न के आधार पर मृत्यु लाभ नीचे दी गई तालिका के अनुसार होता है :




| माने गए निवेश रिटर्न पर | मृत्यु लाभ^ (18वें पॉलिसी वर्ष के अंत में) |
|---|---|
| 8% | ₹ 37,52,204 |
| 4% | ₹ 25,59,721 |

^फंड मूल्य संबंधी आँकड़े उदाहरण के उद्देश्यों से हैं और वे स्वस्थ जीवन के लिए हैं. कृपया ध्यान दें कि ऊपर वर्णित 4% और 8% प्रति वर्ष की मानी गई रिटर्न की दरें क्रमश: लागू प्रभारों पर विचार करने के बाद इन दरों पर केवल उदाहरणात्मक परिदृश्य हैं. ये गारंटीशुदा नहीं हैं और ये रिटर्न की उच्चतर या निम्नतर सीमाएँ नहीं हैं. यूनिट लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस उत्पाद बाज़ार के जोखिम के अधीन हैं. इस कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत उपलब्ध अलग-अलग फंड्स संबंधित फंड्स के नाम हैं तथा किसी भी रूप में इन प्लान की गुणवत्ता, भावी संभावनाओं या रिटर्न का संकेत नहीं हैं. अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने पॉलिसी विशिष्ट लाभ उदाहरण के लिए निवेदन करें.

## प्लान के विवरण

| | | |
|---|---|---|
| प्रवेश पर आयु$ | **न्यूनतम :** 0 वर्ष (30 दिन) | **अधिकतम :** 55 वर्ष |
| मैच्योरिटी पर आयु$ | **न्यूनतम :** 18 वर्ष | **अधिकतम :** 65 वर्ष |
| पॉलिसी अवधि$$ | 10, 15, 20 और 25 वर्ष | |
| प्रीमियम भुगतान अवधि | पॉलिसी अवधि के समान | |
| प्रीमियम राशि (₹100 के गुणकों में) | **न्यूनतम :** ₹4,000 प्रति माह | **अधिकतम :** कोई सीमा नहीं, जो बोर्ड द्वारा मान्य अंडरराइटिंग पॉलिसी के अधीन है |
| प्रीमियम की बारंबारता | मासिक | |
| मूल आश्वासित राशि | 10 x वार्षिकीकृत प्रीमियम++<br>अधिकतम मूल आश्वासित राशि बोर्ड द्वारा मान्य अंडरराइटिंग पॉलिसी के अधीन होगी | |

$आयु के सभी संदर्भ पिछली वर्षगाँठ पर आयु से हैं.

$$अल्पवयस्क व्यक्तियों के मामले में, पॉलिसी अवधि का चयन उपयुक्त रूप से किया जाना चाहिए ताकि सुनिश्चित हो कि मैच्योरिटी के समय बीमित व्यक्ति वयस्क हो जाए. 8 वर्ष से कम की प्रवेश आयु वाले अल्पवयस्क के मामले में, जोखिम का आरंभ 2 पॉलिसी वर्ष की पूर्णता पर होता है. 8 वर्ष और अधिक की प्रवेश आयु के लिए, जोखिम तुरंत आरंभ होता है.

++वार्षिकीकृत प्रीमियम यानी लागू करों को छोड़कर एक वर्ष में देय प्रीमियम राशि.

## रियायतों की निषिद्धता

**समय समय पर यथासंशोधित बीमा अधिनियम 1938 की धारा 41 के अनुसार :**

क) कोई भी व्यक्ति भारत के किसी भी व्यक्ति को, जीवन या संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार के जोखिम के लिए बीमा करवाने या इसका नवीनीकरण करवाने या बीमा पॉलिसी जारी रखने के लिए, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न तो कोई प्रलोभन दे सकता है, न ही देय कमीशन से सम्पूर्ण या आंशिक रूप में कोई छूट दे सकता है, न ही पॉलिसी में दर्शाए गए प्रीमियम पर किसी तरह की छूट दे सकता है, न ही बीमा पॉलिसी लेने वाला या इसका नवीनीकरण करवाने या इसे जारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति किसी तरह की छूट स्वीकार कर सकता है, बशर्ते प्रकाशित विवरण पुस्तिका या बीमाकर्ता की तालिका के अनुसार इस तरह की छूट की अनुमति दी गई हो.

ख) किसी भी व्यक्ति द्वारा इस धारा के प्रावधानों का अनुपालन करने में चूक करने पर वह जुर्माने का पात्र होगा जो दस लाख रुपए तक हो सकता है.

**Toll-free No.:** 1800 267 9090 | SMS **'LIBERATE'** to 56161 | **Email:** info@sbilife.co.in | **Web:** www.sbilife.co.in
(Between 9.00 am & 9.00 pm)

एसबीआई लाइफ - स्मार्ट इंश्योरवेल्थ प्लस एक इंडिविजुअल, यूनिट-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस उत्पाद है.

**फ़र्ज़ी फोन कॉल्स और जाली/धोखाधड़ी के ऑफ़र्स से सावधान :**
IRDAI इंश्योरेंस पॉलिसी बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम के निवेश जैसी किसी भी प्रकार की गतिविधियों में शामिल नहीं है. इस प्रकार के फोन कॉल्स प्राप्त करने वाले लोगों से अनुरोध है कि वे पुलिस में शिकायत दर्ज करें.

पहले 5 पॉलिसी वर्षों के दौरान समर्पण निवेदन के मामले में फंड मूल्य छठें पॉलिसी वर्ष के पहले कार्य दिन पर देय होगा. 5 पॉलिसी वर्ष बाद समर्पण निवेदन के मामले में, फंड मूल्य तुरंत अदा किया जाएगा. विभिन्न प्रभार जैसे कि 'प्रीमियम आवंटन प्रभार', 'फंड प्रबंधन प्रभार' इत्यादि की कटौती की जाती है. प्रभारों और उनकी गणनाओं की पूरी सूची के लिए कृपया विक्रय विवरणिका पढ़ें. यूनिट लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस उत्पाद पारंपरिक इंश्योरेंस उत्पादों से अलग होते हैं और ये बाज़ार के ज़ोखिमों के अधीन हैं. यूनिट लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए भुगतान किया गया प्रीमियम, पूँजी बाज़ार से संबंधित निवेश जोखिम के अधीन होता है और यूनिट की एनएवी, फंड की कार्यकुशलता तथा पूँजी बाज़ार को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर कम या अधिक हो सकता है, और अपने निर्णय के लिए पॉलिसीधारक/बीमित स्वयं उत्तरदायी है. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड केवल इंश्योरेंस कंपनी का नाम है और एसबीआई लाइफ - स्मार्ट इंश्योरवेल्थ प्लस एक यूनिट लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस कॉन्ट्रैक्ट का नाम है, और यह किसी भी रूप में कॉन्ट्रैक्ट की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या रिटर्न का संकेत नहीं है. कृपया संबंधित जोखिम तथा लागू प्रभारों की जानकारी के लिए अपने बीमा एजेंट या मध्यस्थ से सम्पर्क करें या अपने बीमाकर्ता के पास मौजूद दस्तावेज देखें. इस कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत उपलब्ध अलग-अलग फंड्स केवल फंड के नाम हैं तथा किसी भी रूप में इन प्लान की गुणवत्ता, भावी संभावनाओं तथा रिटर्न का संकेत नहीं हैं. फंड विकल्पों का पिछला कार्यनिष्पादन भावी कार्यनिष्पादन का संकेत नहीं करता. इस पॉलिसी के अंतर्गत देय सभी लाभ कर कानूनों और समय समय पर प्रभावी अन्य वित्तीय कानूनों के अधीन हैं, कृपया विवरण के लिए अपने कर सलाहकार से सलाह लें. जोखिम कारकों, नियमों व शर्तों के बारे में अधिक विवरण के लिए कृपया बिक्री पूर्ण करने से पहले सेल्स ब्रोशर को ध्यान से पढ़ें. ऊपर प्रदर्शित ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का है और लाइसेंस के तहत एसबीआई लाइफ द्वारा प्रयुक्त किया गया है. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय : नटराज, एम. वी. रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400 069. **IRDAI पंजीकरण संख्या 111** | CIN : L99999MH2000PLC129113. NW/2J/ver1/01/22/SP/HIN